केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुरुग्राम संभाग

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, GURUGRAM REGION

PRE-BOARD ECXAMINATION (2025-26)

कक्षा/CLASS: X **सामजिक विज्ञान/SOCIAL SCIENCE(087)**

समय/Time: 3 घंटे/Hours **अधिकतम अंक/Max. Marks: 80**

सामान्य निर्देश:

1. प्रश्न पत्र में 38 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - A- इतिहास, B- भूगोल, C- राजनीति विज्ञान और D- अर्थशास्त्र।
3. प्रत्येक खंड 20 अंकों का है और इसमें MCQ, VSA, SA, LA और CBQ हैं।
4. अति लघु उत्तरीय प्रश्न (VSA), प्रत्येक 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. लघु उत्तरीय प्रश्न (SA), प्रत्येक 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LA), प्रत्येक 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
7. केस आधारित प्रश्न (CBQ) हैं जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं और प्रत्येक 4 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
8. मानचित्र-आधारित प्रश्न 5 अंकों के हैं और दो भागों में विभाजित हैं- खंड A में प्रश्न 9- इतिहास (2 अंक) और खंड B में प्रश्न 19- भूगोल (3 अंक)
9. प्रश्न पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। हालाँकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है। ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का ही उत्तर देना होगा।

General Instructions:

1. There are 38 questions in the Question paper. All questions are compulsory.
2. The question paper has Four Sections – A-History, B-Geography C- Political Science, and D-Economics.
3. Each Section is of 20 Marks and has MCQs, VSA, SA, LAs and CBQ not exceed 40 words.
5. Short Answer Type Questions (SA), carry 3 marks each. Answers to each question should not exceed 60 words.
6. Long answer type questions (LA), carry 5 marks each. Answers to each question should not exceed 120 words.
7. There are case based questions (CBQ) with three sub questions and are of 4 marks each. Answers to each question should not exceed 100 words.
8. The map-based questions carry 5 marks with two parts- Q9. In Section A-History (2 marks) and Q19 In Section B - Geography (3 marks)
9. There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions must be attempted.

S. No.	खंड-अ/SECTION- A इतिहास/HISTORY (20 अंक/Marks)	Marks
1	**1848 के दौरान यूरोप में उदारवादियों की क्रांति से संबंधित तथ्यों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें:** 1. सम्राट का त्याग 2. सार्वभौमिक पुरुष मताधिकार की घोषणा की गई थी।	1

	3. महिलाओं को राजनीतिक अधिकार दिए गए थे। 4. प्रेस की स्वतंत्रता की माँग की गई थी। a) केवल 1और 2 सही हैं b) केवल1, 2 और 3 सही हैं c) केवल 1 और 4 सही हैं d) केवल 1, 2 और 4 सही हैं **Read the facts regarding the Revolution of the Liberals in Europe during 1848 and choose the correct option:** 1. Abdication of the monarch 2. Universal male suffrage had been proclaimed. 3. Political Rights to women were given. 4. Freedom of the press had been asked for a) Only 1 and 2 are correct b) Only 1, 2 and 3 are correct c) Only 1 and 4 are correct d) Only 1, 2 and 4 are correct	
2	 **दिया गया चित्र किस घटना से संबंधित है?** a) असहयोग आंदोलन का समापन b) असहयोग आंदोलन की शुरुआत c) जलियांवाला बाग d) सविनय अवज्ञा आंदोलन **The given picture is associated with which event?** a) Calling off of Non-Cooperation Movement b) Starting of Non-Cooperation Movement c) Jallianwala Bagh d) Civil Disobedience Movement	
3	**प्राचीन काल में रेशम मार्ग किन दो क्षेत्रों को जोड़ता था?** a) अफ्रीका और एशिया b) उत्तरी अमेरिका और दक्षिण अमेरिका c) ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका d) यूरोप और एशिया **The silk Route connected which two regions during ancient times?** a) Africa and Asia b) North America and South America c) Australia and Antarctica d) Europe and Asia	1
4	**अठारहवीं शताब्दी के यूरोप में आम लोगों के बीच वैज्ञानिक विचारों की लोकप्रियता का कारण निम्नलिखित में से कौन सा नहीं था?** a) आइज़ैक न्यूटन के विचारों का मुद्रण b) मुद्रण यंत्र का विकास	1

	c) विज्ञान और तर्क में लोगों की रुचि d) पारंपरिक कुलीन समूहों ने इसका समर्थन किया **Which of the following was NOT the reason for the popularity of scientific ideas among the common people in eighteenth century Europe?** a) Printing the ideas of Isaac Newton b) Development of printing press c) Interest of people in science and reason d) Traditional aristocratic groups supported it.	
5A	'व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान हमेशा साथ-साथ चलता रहा हैं।' इस कथन का विश्लेषण कीजिए। ''Trade and cultural exchange always went hand in hand''. Analyse this statement.	2
	OR	
5B	i) 'रेशम मार्ग' क्या थे? i) What were 'silk routes'? ii) इतिहासकारों ने किस प्रकार के रेशम मार्गों की पहचान की है? ii) What kind of silk routes have been identified by historians?	
6A	"गांधी जी के सत्याग्रह के विचार ने सत्य की शक्ति और सत्य की खोज की आवश्यकता पर बल दिया।" इस कथन के संदर्भ में सत्याग्रह के प्रति गांधी जी के योगदान का आकलन कीजिए। **"**Gandhiji's idea of satyagraha emphasized the Power of truth and the need to search for truth." In the light of this statement assess the contribution of Gandhiji towards satyagraha.	3
	OR	
6B	''10वीं शताब्दी के आरंभ में यूरोप में राष्ट्र की अवधारणा के निर्माण में संस्कृति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई''।उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए। ''Culture played an important role in creating the idea of a nation in Europe during the early 10th century''. Explain the statement with examples.	
7A	उन्नीसवीं शताब्दी के आरंभ में यूरोप में राष्ट्रीय एकता के विचार उदारवाद की विचारधारा से किस प्रकार जुड़े? व्याख्या कीजिए। How did ideas of national unity in early nineteenth century Europe ally to the ideology of liberalism? Explain.	5
	OR	
7B	जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया समझाइए। Explain the process of unification of Germany.	
8	**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** 18वीं शताब्दी तक, यूरोप में साक्षरता दर में सुधार हो रहा था और पुस्तकों की माँग बढ़ने लगी थी। इस माँग को पूरा करने के लिए मुद्रण उद्योग का तेज़ी से विकास हुआ। कई पुस्तक विक्रेताओं ने "फेरीवालों" को काम पर रखा, जो गाँव-गाँव जाकर किताबें पहुँचाते थे। भारत में, मुद्रण का आगमन 16वीं शताब्दी में गोवा में पुर्तगाली मिशनरियों के आगमन के साथ शुरू हुआ। समय के साथ, मुद्रण का उपयोग न केवल धार्मिक ग्रंथों के लिए, बल्कि सामाजिक सुधार, राजनीतिक जागृति और राष्ट्रवादी विचारों के प्रसार के लिए भी किया जाने लगा। 1. भारत में मुद्रण यंत्र का आविष्कार किसने और कहाँ किया? (1 अंक) 2. यूरोप में मुद्रण संस्कृति के प्रसार में "फेरीवालों" की क्या भूमिका थी? (1 अंक) 3. मुद्रण के उपयोग ने भारत में राष्ट्रवादी विचारों के प्रसार में कैसे मदद की? (2 अंक) **Read the passage below and answer the following questions:** By the 18th century, literacy rates were improving in Europe, and the demand for	4

	books started increasing. The print industry grew rapidly to meet this demand. Many booksellers employed "pedlars" who travelled to villages carrying books. In India, the arrival of print began with the Portuguese missionaries in Goa in the 16th century. Over time, print was used not just for religious texts but also for social reform, political awakening, and spreading nationalist ideas. 1. Who introduced the printing press in India and where? *(1 mark)* 2. What role did "pedlars" play in spreading print culture in Europe? *(1 mark)* *3.* How did the use of print help in the spread of nationalist ideas in India? *(2 marks)*	
9	**मानचित्र कौशल - आधारित प्रश्न (2 अंक)** **MAP SKILL- BASED QUESTION (2 marks)** **दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर दो स्थान A और B अंकित हैं। उन्हें पहचानिए और मानचित्र पर अंकित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए।** a) उस स्थान का नाम बताइए जहाँ दिसंबर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। b) कपास मिल मजदूर आंदोलन से जुड़े स्थान का नाम बताइए। **Two places A and B have been marked on the given outline map of India. Identify them and write their correct names on the lines marked on the map.** a) Name the place where congress session held in December 1920. b) Name the place associated with the cotton mill workers movement.	(1+1 =2)
	खंड-ब/SECTION- B **भूगोल/ GEOGRAPHY (20 अंक/MARKS)**	
10	**"एम" ने अपने दोस्त को कपास उगाने के लिए उपयुक्त मिट्टी के प्रकार के बारे में संकेत दिए। "एम" द्वारा दिए गए निम्नलिखित संकेतों में से कौन सा आदर्श मिट्टी के प्रकार की पहचान करने में सबसे उपयोगी होगा?** i. यह नमी धारण करने की अपनी क्षमता के लिए जानी जाती है। ii. यह नमी युक्त होने पर पीली हो जाती है। iii. इसमें कंकर और भांगर की गांठें प्रचुर मात्रा में होती हैं। iv. यह अच्छी जल निकासी वाली दोमट मिट्टी है। a) संकेत i b) संकेत i और ii c) संकेत i और iii d) संकेतiv **“M” gave his friend clues about a type of soil that suits for growing cotton. Which of the following clues provided by “M” would be most useful in identifying the ideal type of soil?** i. It is well known for its capacity to hold moisture. ii. It turns yellow when it is hydrated iii. It is rich in kankur and bhangar nodules. iv. It is well-drained loamy soil. a) Clue i b) Clue i and ii c) Clue i and iii d) Clue iv	1
11	**निम्नलिखित में से कौन संसाधन विकास की समस्या नहीं है?** a) कुछ व्यक्तियों की लालच को संतुष्ट करने के लिए संसाधनों का ह्रास। b) कुछ ही हाथों में संसाधनों का संचय। c) संसाधनों का अंधाधुंध दोहन। d) संसाधनों का समान वितरण।	1

	Which among the following is not a problem of resource development? a) Depletion of resources for satisfying the greed of few individuals. b) Accumulation of resources in few hands c) Indiscriminate exploitation of resources. d) An equitable distribution of resources	
12	**वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 में लागू किया गया था। निम्नलिखित में से कौन जैव विविधता संरक्षण में इसके महत्व को सबसे अच्छी तरह से उजागर करता है?** a) इसका उद्देश्य भारत में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना था b) इसने लुप्तप्राय प्रजातियों को कानूनी संरक्षण प्रदान किया और राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों जैसे संरक्षित क्षेत्रों का निर्माण किया c) इसने वन क्षेत्रों में औद्योगीकरण को प्रोत्साहित किया d) इसने केवल वनों के आर्थिक उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया **The Wildlife Protection Act was implemented in 1972. Which of the following best highlights its significance in biodiversity conservation?** a) It aimed at increasing food grain production in India b) It provided legal protection to endangered species and created protected areas like national parks and sanctuaries c) It encouraged industrialization in forest regions d) It focused only on the economic use of forests	1
13	**निम्नलिखित में से किस बाघ अभयारण्य में स्थानीय समुदायों ने वन संरक्षण के लिए संघर्ष किया है?** a) मानस बाघ अभयारण्य b) पेरियार बाघ अभयारण्य c) सिमलीपाल जैव अभयारण्य d) सरिस्का बाघ अभयारण्य **In which of the following tiger reserves have the local communities fought for conservation of the forest?** a) Manas tiger reserves b) Periyar tiger reserves c) Simlipal bio reserves d) Sariska tiger reserves	1
14	**बांधों को "आधुनिक भारत के मंदिर" किसने कहा था?** a) महात्मा गांधी b) पंडित जवाहरलाल नेहरू c) इंदिरा गांधी d) ड्यूक ऑफ मेटरनिख **Who proclaimed the dams as the “temples of modern India”?** a) Mahatma Gandhi b) Pt. Jawaharlal Nehru c) Indira Gandhi d) Duke Metternich	1
15	**मक्का की वृद्धि के लिए कौन सी परिस्थिति उपयुक्त है?** a) 21°C से 27°C के बीच का तापमान और पुरानी जलोढ़ मिट्टी। b) 17°C से कम तापमान और उथली काली मिट्टी। c) 25°C का तापमान और 200 से.मी. वर्षा। d) उपरोक्त में से कोई नहीं। **Which is the right condition for the growth of maize?** a) Temperature between 21°C to 27°C and old alluvial soil.	1

	b) Temperature below 17°C and shallow black soil. c) Temperature of 25°C and 200 CM of rainfall d) None of the above	
16	जूट को "स्वर्ण रेशा" के रूप में जाना जाता है। इसकी विशिष्ट भौगोलिक आवश्यकताएँ कैसे स्पष्ट करती हैं कि इसकी खेती मुख्य रूप से गंगा–ब्रह्मपुत्र डेल्टा क्षेत्र में ही क्यों केंद्रित है? Jute is known as the "Golden Fibre." How do its specific geographical requirements explain why its cultivation is concentrated mainly in the Ganga-Brahmaputra delta region?	2
17A	भारत में वर्ष भर पर्याप्त धूप रहती है। सौर ऊर्जा की भौगोलिक क्षमता, सरकारी पहलों और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के प्रतिस्थापन में आने वाली चुनौतियों का विश्लेषण करके मूल्यांकन कीजिए कि भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य "उज्ज्वल" क्यों माना जाता है। अपने उत्तर के समर्थन में उपयुक्त उदाहरण दीजिए। India receives ample sunshine throughout the year. Evaluate why solar energy is considered to have a "bright future" in India by analyzing its geographical potential, government initiatives, and the challenges in replacing conventional sources of energy. Support your answer with suitable examples.	5
	OR	
17B	"हमें अपने खनिजों के संरक्षण के लिए योजनाबद्ध और टिकाऊ तरीके का उपयोग करना होगा।" उपयुक्त तर्कों के साथ कथन का समर्थन करें। "We have to use a planned and sustainable manner to conserve our minerals." Support statement with suitable arguments.	
18	**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:** लौह अयस्क एक आधारभूत खनिज और औद्योगिक विकास की रीढ़ है। भारत में लौह अयस्क के प्रचुर संसाधन उपलब्ध हैं। भारत उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्कों से समृद्ध है। मैग्नेटाइट सबसे उत्तम लौह अयस्क है जिसमें 70 प्रतिशत तक लौह की उच्च मात्रा होती है। इसमें उत्कृष्ट चुंबकीय गुण होते हैं, जो विशेष रूप से विद्युत उद्योग में मूल्यवान है। उपयोग की जाने वाली मात्रा की दृष्टि से हेमेटाइट अयस्क सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक लौह अयस्क है, लेकिन इसमें मैग्नेटाइट की तुलना में लौह की मात्रा थोड़ी कम (50-60 प्रतिशत) होती है। 2018-19 में, लौह अयस्क का लगभग संपूर्ण उत्पादन (97%) ओडिशा, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और झारखंड से प्राप्त हुआ। इन राज्यों में लौह अयस्क के भंडार पाए जाते हैं। i) किस लौह अयस्क में सबसे अधिक लौह सामग्री पाई जाती है? (1M) ii) सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक लौह अयस्क कौन सा है? (1M) iii) "लौह अयस्क एक आधारभूत खनिज है।" कथन का समर्थन करें। (2M) **Read the passage below and answer the following questions:** Iron ore is the basic mineral and the backbone of industrial development. India is endowed with fairly abundant resources of iron ore. India is rich in good quality iron ores. Magnetite is the finest iron ore with a very high content of iron up to 70 per cent. It has excellent magnetic qualities, especially valuable in the electrical industry. Hematite ore is the most important industrial iron ore in terms of the quantity used, but has a slightly lower iron content than magnetite (50–60 per cent). In 2018–19, almost the entire production of iron ore (97%) accrued from Odisha, Chhattisgarh, Karnataka, and Jharkhand. The reserves of iron ore are found in these states. i) Which iron ore is the maximum iron content found? (1M) ii) Which is the most important industrial iron ore? (1M) iii) "Iron ore is a basic mineral." Support the statement. (2M)	4
19	**मानचित्र कौशल - आधारित प्रश्न (2 अंक)** **MAP SKILL- BASED QUESTION (3 marks)**	(1+2=3)

	भारत के उसी रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त प्रतीकों से चिह्नित करें और उनका स्थान निर्धारित करें: I. (p) यह बाँध तुंगभद्रा नदी पर स्थित है। **अथवा** (q) यह बाँध चेनाब नदी पर स्थित है। **II.** निम्नलिखित में से **कोई दो:** i) गुजरात का एक प्रमुख बंदरगाह। ii) मीनमबक्कम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा। iii) हैदराबाद का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा। **On the same outline map of India locate and label the following with suitable symbols:** **I**. (p) The Dam is located on the Tungabhadra river. **OR** (q) The dam is located on Chenab river. **II** Any **two** of the following i) A major seaport in Gujarat. ii) Meenambakkam international airport iii) An international airport in Hyderabad	
	खंड–स/SECTION- C **राजनीतिक शास्त्र / POLITICAL SCIENCE (20 अंक/MARKS)**	
20	**सत्ता की साझेदारी पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके उत्तरचुनिए:** I. यह लोकतंत्र के लिए अच्छा है। II. यह विभिन्न समूहों में सामंजस्य स्थापित करता है। III. यहशासनमेंपारदर्शितालाताहै। IV. यह दलों के बीच सामाजिक-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा लाता है। **विकल्प:** a) I, II औरIII b) II, III औरIV c) I, III औरIV d) I, II औरIV **Consider the following statements on power sharing and select the answer using the codes given below:** I. It is good for democracy. II. It creates harmony in different groups. III. It brings transparency in the governance. IV. It brings socio-political competition among parties. **Options:** a) I, II & III b) II, III & IV c) I, III & IV d) I, II & IV	1
21	**कॉलम A में दिए गए निम्नलिखित मदों का कॉलम B में दिए गए मदों से मिलान कीजिए।** **कॉलमA** **कॉलमB** 1. सूचना प्रौद्योगिकी 2. समवर्ती सूची I. पुलिस 3. संघ सूची II. शिक्षा 4. राज्य सूची III. रक्षा 5. अवशिष्ट विषय a) I-4, II-3, III-1, IV-2 b) I-3, II-4, III-1, IV-2 c) I-4, II-1, III-3, IV-2 d) I-4, II-2, III-1, IV-3 **Match the following items given in Column A with those in Column B.**	1

	Column A	**Column B**
	I. Information Technology	1. Concurrent List
	II. Police	2. Union List
	III. Education	3. State List
	IV. Defence	4. Residuary Subjects
	a) I-4, II-3, III-1, IV-2 b) I-3, II-4, III-1, IV-2 c) I-4, II-1, III-3, IV-2 d) I-4, II-2, III-1, IV-3	
22	**निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं ---- अभिकथन (A) और कारण (R)। नीचे दिए गए उपयुक्त विकल्प का चयन करके इस प्रश्न का उत्तर दीजिए:** **अभिकथन (A):** 1992 में विकेंद्रीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया था। **कारण (R)**: लोकतंत्र के तीसरे स्तर को अधिक शक्तिशाली और प्रभावी बनाने के लिए संविधान में संशोधन किया गया था। a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है। b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या नहीं है। c) A सही है और R गलत है। d) A गलत है और R सही है। **The following question consist of two statements ---- Assertion (A) and reason (R). Answer this question selecting the appropriate option given below:** **Assertion (A):** A major step towards decentralization was taken in 1992. **Reason (R):** The Constitution was amended to make the third-tier of democracy more powerful and effective. a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A. b) Both A and R are true and R is not the correct explanation of A. c) A is correct and R is wrong. d) A is wrong and R is correct.	1
23	**सांप्रदायिक राजनीति इस विचार पर आधारित है कि धर्म निम्नलिखित का मुख्य आधार है:** a) अर्थशास्त्र b) समाज c) लोग d) इनमेंसेकोईनहीं **Communal politics is based on the idea that religion is the principal basis of:** a) Economics b) Society c) People d) None of these	1
24	'एकात्मक सरकार' की कोई दो विशेषताएँ बताइए। Describe any two features of 'unitary government'.	2
25	''समकालीन भारत से जाति लुप्त नहीं हुई है''।उदाहरण देकर इस कथन का समर्थन कीजिए। ''Caste has not disappeared from contemporary India''. Support this statement by giving examples.	2
26	लोकतंत्र में पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित की जाती है, इसकी कोई दो विशेषताएँ या उदाहरण दीजिए। Explain how transparency is ensured in a democracy. Give any two features or examples of this.	3
27A	लोकतंत्र के संचालन के लिए राजनीतिक दल आवश्यक हैं, लेकिन उन्हें अक्सर अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी किन्हीं तीन चुनौतियों की पहचान कीजिए और उनसे निपटने के लिए मौजूदा लोकतांत्रिक ढाँचे के भीतर लागू किए जा सकने वाले दो यथार्थवादी सुधारों का प्रस्ताव कीजिए। Political parties are essential for the functioning of a democracy, but they often face multiple challenges. Identify any three such challenges, and propose two realistic reforms that can be implemented within the existing democratic framework to overcome them.	5

	OR	
27B	भारत ने बहुदलीय प्रणाली क्यों अपनाई? Why did India adopt the Multiparty system?	
28	**गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:** बेल्जियम यूरोप का एक छोटा सा देश है, जिसकी जातीय संरचना जटिल है। इसकी कुल जनसंख्या का 59% फ्लेमिश क्षेत्र में रहता है और डच भाषा बोलता है, 40% वालोनिया क्षेत्र में रहता है और फ्रेंच भाषा बोलता है, और 1% जर्मन भाषा बोलता है। बेल्जियम के नेताओं ने क्षेत्रीय अंतरों और सांस्कृतिक विविधताओं के अस्तित्व को पहचाना। उन्होंने 1970 और 1993 के बीच अपने संविधान में चार बार संशोधन किया ताकि एक ऐसी व्यवस्था बनाई जा सके जिससे सभी लोग एक ही देश में एक साथ रह सकें। इस व्यवस्था ने देश में गृह कलह को टालने और एकता बनाए रखने में मदद की। 1. बेल्जियम की कितनी प्रतिशत आबादी फ्रेंच भाषा बोलती है? (1 अंक) 2. बेल्जियम के लिए सत्ता-साझेदारी व्यवस्था अपनाना क्यों आवश्यक था? (1 अंक) 3. सत्ता-साझेदारी के बेल्जियम मॉडल से भारत क्या सीख सकता है? (2 अंक) **Read the passage carefully and answer the questions that follow:** Belgium is a small country in Europe, having a complex ethnic composition. Of its total population, 59% live in the Flemish region and speak Dutch, 40% live in the Wallonia region and speak French, and 1% speak German. The Belgian leaders recognized the existence of regional differences and cultural diversities. They amended their constitution four times between 1970 and 1993 to work out an arrangement that would enable everyone to live together within the same country. This arrangement helped to avoid civil strife and maintain unity in the country. 1. What percentage of the Belgian population speaks French? *(1 mark)* 2. Why was it necessary for Belgium to adopt a power-sharing arrangement? *(1 mark)* 3. What lesson can India learn from the Belgian model of power sharing? *(2 mark)*	4
	खंड–द/SECTION- D **अर्थशास्त्र/ECONOMICS (20 अंक/MARKS)**	
29	**नीचे दिए गए आंकड़ों को पढ़ें और प्रश्न का उत्तर दें।** **राज्य** | **प्रति 1000 जीवित जन्मों पर शिशु मृत्यु दर (2018)** | **साक्षरतादर % (2017-18)** **A** | 30 | 82 **B** | 7 | 94 **उपरोक्त आँकड़ों के अनुसार, राज्य B में शिशु मृत्यु दर कम क्यों है?** (a) इसकी प्रति व्यक्ति आय अधिक है (b) इसका बुनियादी ढाँचा राज्य A से बेहतर है (c) इसके शिक्षक और स्कूल अच्छे हैं (d) इसमें सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा उपलब्ध है **Read the data given below and answer the question.**	1

State	Infant mortality rate per 1000 live births (2018)	Literacy rate% (2017-18)
A	30	82
B	7	94

As per the data given above, why state B has a low infant mortality rate?
(a) It has high per capita income
(b) It has better infrastructure than state A
(c) It has good teachers and schools
(d) It has health care and education for all


30	**इनमें से कोई एक अलग विकल्प चुनें...** एमटीएनएल, भारतीय रेलवे, एयर इंडिया, जेट एयरवेज, ऑल इंडिया रेडियो **Find an odd one out….** MTNL, Indian Railways, Air India, Jet Airways, All India Radio	1
31	**'X' एक कस्बे में रहता है।वह पशुपालन के साथ-साथ फूलों की खेती भी करता है। 'X' का कार्य अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्र में आएगा?** a) प्राथमिक b) द्वितीयक c) तृतीयक d) चतुर्थक **'X' lives in a town. He cultivates flowers along with animal husbandry. The work of 'X' will fall under the sector of the economy?** a) Primary b) Secondary c) Tertiary d) Quaternary	1
32	**बैंक ग्राहकों से प्राप्त जमा राशि का क्या करते हैं?** (क) बैंक इन जमा राशियों का उपयोग धर्मार्थ कार्यों के लिए करते हैं। (ख) बैंक जमा राशि का एक बड़ा हिस्सा ऋण देने के लिए उपयोग करते हैं। (ग) बैंक अपने कर्मचारियों को बोनस देने के लिए जमा राशियों का उपयोग करते हैं। (घ) बैंक देश में और शाखाएँ स्थापित करने के लिए जमा राशियों का उपयोग करते हैं। **What do the banks do with the deposits which they accept from the customers?** (a) Banks use these deposits for charitable activities. (b) Banks use a major portion of deposits to extend loans. (c) Banks use deposits to give bonus to their employees. (d) Banks use deposits to set up more branches in the country.	1
33	**ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों के लिए सरकारी बैंकों से ऋण लेना क्यों मुश्किल हो जाता है?** **निम्नलिखित कारणों को पढ़ें और सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:** I. संपार्श्विक का अभाव II. जटिल प्रक्रिया	1

	III. उधार लेने की उच्च लागत IV. जागरूकता का अभाव **विकल्प:** (a) केवल I, II और III सही हैं। (b) केवल II, III और IV सही हैं। (c) केवल I, II और IV सही हैं। (d) केवल I, III और IV सही हैं। **Why does it become difficult for farmers in rural areas to take loans from government banks?** **Read the following reasons and choose the most appropriate option:** I. Lack of collateral II. Complicated procedure III. Higher cost of borrowing IV. Lack of awareness **Options:** (a) Only I, II and III are correct. (b) Only II, III and IV are correct. (c) Only I, II and IV are correct. (d) Only I, III and IV are correct.	
34	**निम्नलिखित में से कौन सा संगठन विदेशी व्यापार और विदेशी निवेश के उदारीकरण पर जोर देता है?** (a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (b) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (c) विश्व स्वास्थ्य संगठन (d) विश्व व्यापार संगठन **Which one of the following organizations lay stress on liberalization of foreign trade and foreign investment?** (a) International Monetary Fund (b) International Labour Organization (c) World Health Organization (d) World Trade Organization	1
35	"एक के लिए विकास दूसरे के लिए विकास नहीं हो सकता है।" इस कथन के संदर्भ में, विश्लेषण कीजिए कि कैसे एक विकासात्मक गतिविधि का समाज के विभिन्न वर्गों पर अलग-अलग प्रभाव हो सकता है। अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों से पुष्ट कीजिए। “Development for one may not be development for the other." With reference to this statement, analyze how a developmental activity can have different impacts on different sections of society. Support your answer with suitable examples.	3
36	एक किसान साहूकार से ऋण लेता है, लेकिन बाद में उसे ब्याज दर बहुत ज़्यादा लगती है, जबकि दूसरा किसान कुछ औपचारिकताओं के साथ बैंक से उधार लेना पसंद करता है। इस संदर्भ में, उपयुक्त उदाहरणों सहित ऋण की किन्हीं तीन शर्तों की व्याख्या कीजिए। A farmer takes a loan from a moneylender but later finds the interest rate too high, while another farmer prefers borrowing from a bank with certain formalities. In this context, explain any three terms of credit with suitable examples.”	3
37	"वैश्वीकरण कई परस्पर संबंधित कारकों का परिणाम है। उपयुक्त उदाहरणों के द्वारा, वैश्वीकरण के विकास में योगदान देने वाले किन्हीं तीन महत्वपूर्ण कारकों का विश्लेषण कीजिए।" "Globalization is the outcome of several interrelated factors. With reference to suitable examples, analyze any three significant factors that have contributed to the growth of globalization."	3

38A	संगठित क्षेत्र में श्रमिकों के संरक्षण और समर्थन की आवश्यकता है।" उदाहरणों के साथ कथन का परीक्षण करें। There is a need for protection and support of workers in the organized sector." Examine the statement with examples.	5
	OR	
38B	संगठित और असंगठित क्षेत्रों में प्रचलित रोजगारकी स्थितियों की तुलना करें। Compare the employment conditions prevailing in the organized and unorganized sectors.	

प्रश्न संख्या 9 (खंड A) और प्रश्न संख्या 19 (खंड B) के लिए मानचित्र

Map for Q. No. 9 (Section A) & Q. No. 19 (Section B)


INDIA
OUTLINE MAP WITH STATES
& UNION TERRITORIES
B
A
Map not to Scale
Copyright © 2020 www.mapsofindia.com